पंजाब केसरी 30/08/2022

# राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर जी.एम.एन. कालेज में आयोजित की प्रतियोगिताएं

अम्बाला छावनी, 29 अगस्त (कोचर): कैंट के गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज में नेशनल स्पोर्ट्स-डे (राष्ट्रीय खेल दिवस) मनाया गया। इस मौके पर प्राचार्य डा. वी.के. जैन ने बताया कि 29 अगस्त को हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद का जन्म हुआ था और उन्हीं के जन्मदिवस को नैशनल स्पोर्ट्स-डे के तौर पर मनाया जाता है।



विजेता खिलाड़ियों के साथ कालेज प्राचार्य व अन्य शिक्षक। (देवदत्त)

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय खेल दिवस मनाने के पीछे खेल भावना और खिलाड़ियों को सम्मान देना है।

शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष बृजेश गुप्ता ने बताया कि खेल दिवस के मौके पर महाविद्यालय में लड़के-लड़कियों के बैडमिंटन मैच आयोजित करवाए गए। इनमें विमेन वर्ग में रोशनी ने प्रथम, राखी ने द्वितीय और मुस्कान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, वहीं मैन वर्ग में पीयूष ने प्रथम, मनप्रीत ने द्वितीय व मोक्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। दोनों ही मैचों में अंपायर की भूमिका डा. सुरजीत ने निभाई।